हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 मां अष्टभुजी माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र, उमड़ रही भीड़



07 नवरात्रि के पर्व पर शहर में धर्म की अद्भुत बयार, आस्था और भक्ति...



खबर संक्षेप

पेड़ से टकराया वाहन युवक की मौत

गुना। जिले के मकसूदनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल रोड पर खैरखेड़ा मोड़ के पास एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक अनियंत्रित वाहन सीधे पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में वाहन सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना गत सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। कृष्ण विहार कॉलोनी शिवपुरी निवासी 30 वर्षीय बेटी धाकड़ पिता परमाल सिंह धाकड़ अपने वाहन से जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन भोपाल रोड पर ग्राम खैरखेड़ा मोड़ के पास पहुंचा, तभी अचानक नियंत्रण बिगडऩे से वाहन सडक़ किनारे सीधे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम महुआखेड़ा निवासी भीकम सिंह पुत्र गोविंद केवट (33 वर्ष) ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

अष्टमी, नवमी व दशहरा पर मंडी रहेंगी बंद

गुना। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व, महाष्टमी, महानवमी और विजयादशमी पर गुना जिले की समस्त मंडियां बंद रहेंगी। पर्वतीय अवकाशों और साप्ताहिक विश्राम को दृष्टिगत रखते हुए गुना जिला मुख्यालय सहित जिले की समस्त कृषि उपज मंडियां आगामी सोमवार और मंगलवार तक पूरी तरह बंद रहेंगी। इस दौरान मंडियों में जिंसों की खरीद-फरोख्त, नीलामी कार्य और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह स्थगित रहेंगी। त्योहारों के इस लंबे सिलसिले के चलते किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उपज लेकर मंडियों में न पहुंचे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अवकाश अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार से मंडियों में सुचारू रूप से कामकाज और नियमित नीलामी प्रक्रिया पुनः आरंभ होगी, जिसकी जानकारी संबंधित मंडी कार्यालय द्वारा दी गई है।

आरोन में जुआरियों पर पुलिस की दबिश

गुना। जिले के आरोन थाना पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी और हजारों रुपए की नगदी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भुजरिया तालाब के पास सारथी सिटी के समीप कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर मौके पर दबिश देकर जुआ खेलते हुए राधेश्याम ओझा निवासी शिव कॉलोनी आरोन, रामलखन लोधी निवासी सियाराम कॉलोनी आरोन, रामजनक यादव निवासी उनारसीकला विदिशा और नईम खान निवासी वार्ड क्र. 09 आरोन को पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने 1320 रुपए नगद और एक ताश की गड्डी जप्त की।

तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, लाइनमैन गंभीर रूप से घायल

गुना। जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सींगापुरा मोड़ पर एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सामने से आ रहे लाइनमैन की बाइक में टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा तुरंत बीनागंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मनोहरखेड़ी निवासी 41 वर्षीय मोहरसिंह पुत्र गंगाराम ढीमर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-6005 से सुबह करीब 10 बजे ग्राम पैंची में लाइन का काम करने जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम सींगापुरा मोड़ के पास पहुंचा, तभी पैंची की तरफ से आ रहे मोईखेड़ा निवासी महेश मीना ने अपनी बाइक को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए मोहरसिंह की गाड़ी में सामने से टक्कर मार दी।

जिला अस्पताल के खुले परिसर में हुआ महिला का श्रृंगार

कैंसर से जंग हारी पूजा, किराए के घर में भी नहीं मिली अंतिम विदाई की जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लंबी जंग लड़ने के बाद दम तोड़ने वाली 31 वर्षीय महिला पूजा रजक के अंतिम समय में एक ऐसी विडंबना सामने आई जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। मूल रूप से बदरवास के रहने वाले और गुना के घोसीपुरा क्षेत्र में पिछले कई सालों से किराए के मकान में रह रहे पहलवान सिंह रजक की पुत्री पूजा का जिला अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। लेकिन मौत के बाद जब परिजन उसकी पार्थिव देह को किराए के कमरे पर ले जाने लगे, तो मकान मालिक ने यह कहकर साफ इंकार कर दिया कि उनके घर में धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है, इसलिए शव को अंदर नहीं लाया जा सकता।

परिस्थितियों की लाचारी और मकान मालिक की इस दो टूक के चलते शोकाकुल परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया। हिंदू परंपरा के अनुसार विवाहित महिला (सुहागन) की मौत होने पर अंतिम संस्कार से पहले उसका विशेष श्रृंगार और अन्य पारंपरिक रस्में घर पर ही पूरी की जाती हैं। लेकिन किराए के घर में जगह न मिलने के कारण मजबूर परिजनों को यह सारी रस्में जिला अस्पताल परिसर में ही पूरी करनी पड़ीं। अस्पताल परिसर में ही मृतका का सुहागन के रूप में श्रृंगार आदि किया गया, जिसके बाद नम आंखों से पार्थिव देह को सीधे मुक्तिधाम ले जाया गया, जहाँ उसका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

इस दुखद और अत्यंत बेबस घड़ी में गरीब परिवार की मदद के लिए समाजसेवी प्रमोद भार्गव और गौ सेवक राम सिंह रजक आगे आए, जिन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं में पूरा सहयोग किया। मृतका पूजा की निजी जिंदगी भी भारी संघर्षों से भरी हुई थी। उसकी शादी इंदौर में राकेश लश्करी के साथ दूसरी शादी हुई थी। जब पूजा को कैंसर जैसी भयानक बीमारी ने घेरा, तो पति ने उसे प्रताड़ित कर घर से भगा दिया था, जिसके खिलाफ परिजनों ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराने पहुंची थी। हालांकि, मौत की सूचना मिलने पर इंदौर से पति और उसकी दूसरी पत्नी भी मौके पर पहुँच गए थे। अस्पताल परिसर में सुहागन के श्रृंगार और आवश्यक रस्मों को पूरा करने के बाद परिजनों व समाजसेवियों की मौजूदगी में पूजा को अंतिम विदाई दी गई। इधर मृतिका की दो बेटियां और एक बेटा का रो-रो कर बुरा हाल है।

समाजसेवियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

गरीबी और बेबसी के इस आलम में जब परिवार के पास अंतिम संस्कार और रस्मों के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा, तब मानवता आगे आई। आर्थिक तंगी से जूझ रहे इस परिवार की मदद के लिए समाजसेवी प्रमोद भार्गव और गौ सेवक राम सिंह रजक आगे आए। उन्होंने न सिर्फ परिवार को ढांढस बंधाया, बल्कि अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं में पूरी मदद की। परिस्थिति ऐसी थी कि न तो मूल निवास स्थान और न ही किराए के घर पर अंतिम विदाई की रस्में हो सकीं। ऐसे में मजबूर पिता और परिजनों ने जिला अस्पताल के पीएम हाउस के बाहर खुले परिसर में ही मृतका पूजा रजक का अंतिम श्रृंगार और संस्कार की रस्में पूरी कीं। इसके बाद नम आंखों और भारी मन से शव को सीधे मुक्तिधाम ले जाया गया, जहाँ उसे अंतिम विदाई दी गई। यह घटना समाज के माथे पर एक ऐसा कलंक है जो सोचने पर मजबूर करता है कि क्या इंसानियत इस हद तक मर चुकी है कि एक बेटी को मौत के बाद दो गज जमीन और छत भी नसीब नहीं हो पाई?

मासूम को जंगल ले गया आरोपी, रातभर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के कैंट थाना क्षेत्र में एक 10 वर्षीय मासूम बालक के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। स्कूल जाने से नाराज होकर घर से निकला बालक रेलवे स्टेशन पहुंच गया। यहां एक ऑटो चालक ने अपनी बातों में फंसाकर लोभ-लालच दिया और दरगाह के पास जंगलों में ले जाकर बंधक बना दिया। बालक ने देर रात आरोपी के सो जाने पर रस्सी काटकर अपनी जान बचाई और नानी के घर पहुंचकर आपबीती सुनाई।

पटरी के रास्ते पहुंचा स्टेशन, ऑटो वाले ने नानी की पहचान बताकर बिठाया: गुलाबगंज कैंट निवासी फरियादी शाहरुख खान ने बताया कि उनका 10 वर्षीय भतीजा शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे स्कूल जाने की बात पर घर से बिना बताए निकल गया था। वह पटरी-पटरी पकड़कर रेलवे स्टेशन पहुंच गया। स्टेशन पर एक अज्ञात ऑटो चालक ने उससे दोस्ती कर ली और कहा कि वह उसकी नानी को जानता है तथा उसे घर छोड़ देगा। आरोपी ने लोभ-लालच देकर बच्चे को ऑटो में बिठा लिया। रास्ते में आरोपी ने हड्डीमिल क्षेत्र से शराब खरीदी और बच्चे को कब्रिस्तान व दरगाह के पास जंगलों में ले गया।

गालियां देकर की मारपीट, रस्सी काटकर भाग निकला मासूम

जंगल में ले जाकर आरोपी ने बच्चे से उसका नाम पूछा। नाम पता चलते ही आरोपी ने मासूम को गालियां देते हुए बेदर्दी से पीटना शुरू कर दिया, जिससे बच्चे के चेहरे पर चोट के निशान आ गए। इसके बाद उसने बच्चे को रस्सियों से बांध दिया। देर रात करीब 3 से 4 बजे के बीच जब आरोपी अत्यधिक शराब के नशे में सो गया, तो बच्चे ने किसी तरह अपनी रस्सियां काटीं और वहां से भागकर श्रीराम कॉलोनी स्थित अपनी नानी के घर पहुंचा। नानी ने तुरंत फोन कर परिजनों को इसकी जानकारी दी।

एसपी कार्यालय और कैंट थाने में शिकायत दर्ज: घटना की भयानकता को देखते हुए शनिवार को परिजनों ने कैंट थाने और एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इससे पूर्व कैंट पुलिस ने परिजनों की गुमशुदगी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज किया था। परिजनों ने आरोपी ऑटो चालक की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

महूगढ़ा अंडरब्रिज बना आफत का सबब

बारिश थमे महीना बीता, फिर भी पानी में डूब रहे दोपहिया वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के महूगढ़ा स्थित रेलवे अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि मानसून की विदाई और बारिश थमे पूरा एक महीना बीत जाने के बाद भी इस अंडरब्रिज में लबालब पानी भरा हुआ है। जल निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था न होने के कारण रोजाना यहां से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों और वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि जब तक रेलवे प्रशासन द्वारा यहां पंप चलाकर पानी निकाला जाता है, तब तक तो रास्ता सुचारू रहता है। लेकिन जैसे ही पंप बंद किए जाते हैं, अंडरब्रिज में दोबारा गंदा पानी जमा हो जाता है। वर्तमान में पानी निकासी के तमाम इंतजाम ठप पड़े हैं, जिससे ब्रिज के नीचे मिनी तालाब जैसी स्थिति बन गई है।

इस अव्यवस्था का सबसे बड़ा खामियाजा दोपहिया वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। गहराई का सही अंदाजा न होने के कारण जैसे ही बाइक सवार पानी में उतरते हैं, वाहनों के इंजन में पानी भर जाता है। इसके चलते गाड़ियां बीच रास्ते में ही बंद हो जाती हैं और चालकों को घंटों तक धक्का लगाते हुए परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूली बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने रेलवे अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन से इस गंभीर समस्या का स्थाई समाधान कराने की पुरजोर मांग की है।

तेज रफ्तार बाइक ने दूध विक्रेता को मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल युवक गुना रेफर

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिजोदा गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दूध बेचने जा रहे युवक की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गुना रेफर किया गया है। ग्राम कुमरयाई निवासी ब्रजमोहन यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 अक्टूबर की सुबह उनके गांव का धर्मेंद्र यादव मोटरसाइकिल से दूध बेचने आरोन जा रहा था। रिजोदा स्कूल के पास सामने से आई प्लेटिना बाइक एमपी 08 - 1273) के चालक संजीव बंजारा निवासी खिरियाखेड़ा ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को आरोन अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे गुना अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिलाओं और व्यापारियों में भड़का आक्रोश

दिवाली से ठीक पहले बिजली कटौती से त्रस्त हुई गुना की जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



रोशनी के महापर्व दिवाली के स्वागत की तैयारियों में जुटे गुना शहर और ग्रामीण अंचल के लोगों की मुश्किलें इन दिनों बिजली विभाग के मेंटनेंस ने बढ़ा दी हैं। दिवाली के मद्देनजर पिछले एक महीने से लगातार मेंटनेंस का कार्य चल रहा है, लेकिन अब त्योहार नजदीक आते ही बिजली कंपनी ने लगभग हर दिन घंटों की बिजली कटौती शुरू कर दी है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

शनिवार को भी 220 केवी उपकेंद्र से जुड़े शहर के विभिन्न जोन और 11 केवी फीडरों पर मेंटनेंस के नाम पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। हालांकि विभाग ने पूर्व सूचना के आधार पर यह कटौती की थी, लेकिन त्योहारी सीजन में रोज-रोज के इस शटडाउन ने सैकड़ों कॉलोनियों के बाशिंदों की परेशानी बढ़ा दी है। वर्तमान में घरों में दीवाली की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का दौर चल रहा है। महिलाओं का कहना है कि बिजली न होने के कारण गृहस्थी के तमाम जरूरी काम और सफाई कार्य बीच में ही अटक जाते हैं।

इस रोजाना की कटौती से केवल घरेलू कामकाज ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। डेयरी संचालकों का दर्द है कि घंटों तक डीप फ्रीजर बंद रहने से दूध और उससे जुड़े उत्पाद खराब होने का डर रहता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा निजी व शासकीय कार्यालयों के काम भी ठप पड़ जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोड शेडिंग और बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।

खेतों में खड़ी 75 हजार की मक्का की फसल चोरी, शिकायत की

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां चोरों ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में लहलहा रही करीब 50 क्विंटल मक्का की फसल को अज्ञात चोरों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गोविंदपुर निवासी 65 वर्षीय रामबेटी पत्नी रामस्वरूप बैरागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने पिछले साल सूरतिया अहिरवार से सर्वे नंबर 89/2 की भूमि खरीदी थी, जिस पर इस साल मक्का की फसल बोई गई थी। वे अपने बेटे इंद्रलाल के साथ किसी काम से मुरैना गई थीं। जब वे वापस लौटीं और दोपहर करीब 12 बजे अपने खेत पर फसल देखने पहुँचीं, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। खेत से मक्का की फसल गायब थी।

आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि सिर्फ रामबेटी ही नहीं, बल्कि बालकिशन अहिरवार, दिमना अहिरवार और इमरत सिंह की जमीनों पर खड़ी मक्का की फसल भी चोरी हो चुकी है। पीड़ितों के अनुसार, पास के ही गांव गोविंदपुर की बूंदा बाई केवट की जमीन को उसके लडक़े धीरज, मोहर सिंह, नाती गोलू और संजू केवट संभालते हैं। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने चोरी-छिपे खेतों में घुसकर कुल करीब 50 क्विंटल मक्का कीमत लगभग 75 हजार रुपए ट्रैक्टर-ट्रॉली से चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पगारा चौराहे पर पुरानी रंजिश में चाचा-भतीजे को घेरा, जानलेवा हमला किया

गुना। जिले के धरनावदा थानांतर्गत आने वाली रूठियाई पुलिस चौकी क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। मजदूरी करने जा रहे चाचा-भतीजे को गांव के ही कुछ दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर रास्ते में घेर लिया और हाथ में पहने कड़े व डंडे से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पुरैना निवासी 30 वर्षीय हरिचरण यादव अपने 24 वर्षीय भतीजे प्रद्युम्न यादव के साथ गत शाम करीब 7 बजे मजदूरी के लिए ग्राम दारौना पठार जा रहे थे। जैसे ही वे पगारा चौराहे पर पहुंचे, तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही प्रद्युम्न यादव, अर्जुन यादव और जयपाल यादव ने उन्हें रोककर गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़ितों ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपियों ने अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने भतीजे की जमकर पिटाई कर दी, वहीं अज्ञात साथियों ने हाथ में पहने भारी कड़े से हरिचरण के माथे पर प्रहार कर दिया, जिससे माथा फट गया और खून बहने लगा। इसके साथ ही सीने में डंडे से मारकर अंदरूनी चोट पहुंचाई। राहगीरों और होटल वालों के जुटने पर किसी तरह पीड़ित भागकर चौकी पहुंचे। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार्वजनिक श्री रामलीला व दशहरा पर्व समिति का आयोजन

रामलीला में लंका दहन का किया गया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान में चल रही रामलीला के बारहवें दिन लंका दहन की रोमांचक लीला का सुंदर मंचन किया गया। लीला में राजा सुग्रीव द्वारा माता सीता की खोज में वानर सेना को चारों दिशाओं में भेजने का प्रसंग दर्शाया गया। दक्षिण दिशा में हनुमान, जाम्बवान, अंगद, नल और नील समुद्र किनारे पहुंचते हैं, जहां जटायु के भाई संपाती के बताए अनुसार हनुमान जी अपनी शक्ति से सौ योजन समुद्र पार कर लंका पहुंचते हैं। लंका पहुंचकर हनुमान जी अशोक वाटिका में माता सीता से मिलकर श्रीराम का संदेश देते हैं। इस दौरान वे अक्षय कुमार का वध करते हैं, मेघनाथ द्वारा ब्रह्मफांस का सामना कर रावण के दरबार में पहुंचते हैं। रावण द्वारा पूंछ में आग लगाए जाने पर हनुमान जी अपनी पूंछ से पूरी सोने की लंका को जलाकर राख कर देते हैं। तत्पश्चात माता सीता की सुधि लेकर हनुमान जी श्रीराम के पास लौटते हैं, जिसके बाद रामजी वानर सेना के साथ समुद्र तट की ओर प्रस्थान करते हैं। इस भव्य आयोजन में समिति संयोजक गोविंद सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाह, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन, निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़, मीडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन, डॉ. अनिल जैन, प्रमोद अग्रवाल, बृजेश राठौर, दीपक सोनी, दामोदर शर्मा, शैलेंद्र पाठक और श्रृंगारकर्ता मनोज उपस्थित रहे।

व्यास गादी पर शंभू दयाल शर्मा और ढोलक पर सुनील शर्मा ने संगत की। प्रमुख पात्रों में राम पुरुषोत्तम धाकड़, लक्ष्मण वैभव भार्गव, सीता अशोक प्रजापति, हनुमान मनीष भट्ट, जाम्बवान महावीर जैन, अंगद राजू धाकड़, नल-नील विराट केवट, रावण अरुण रघुवंशी, मेघनाथ कुलदीप भार्गव, अक्षय कुमार रवि केवट, विभीषण रघुवीर ओझा और त्रिजटा राम सिंह धाकड़ ने शानदार अभिनय किया।

जिला स्तरीय पुरुष व महिला फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



गुना। जिला स्तरीय पुरुष एवं महिला जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज के श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि संतोष सक्सेना एवं सेवानिवृत्ति सहायक ग्रंथपाल हरवीर सिंह रघुवंशी रहे। मुख्य अतिथि का माला पनाकर सभी खिलाडियों ने स्वागत किया गया। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़, तात्या टोपे क्रांतिवीर विश्वविद्यालय गुना, शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना, युवा महाविद्यालय गुना की टीमों ने भाग लिया। इसके उपरांत प्रतियोगिता का पहला मैच गुना और राघोगढ़ के बीच मैच खेला गया। गुना की टीम में अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए राघौगढ़ को 3-0 से हराकर जिला स्तरीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता जीती। इसके उपरांत महिला वर्ग में राघोगढ़ और गुना की टीम के मध्य मैच खेला गया। गुना की टीम ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों के तालमेल से गुना ने राघौगढ़ को 1-0 से हराकर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता जीती। इस अवसर पर आशीष दुबे, कुलदीप शर्मा, अरविंद लोधी, प्रियंका धाकड़, शैलेंद्र शर्मा, मनोज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

राघौगढ़ में पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदला देवर और उसकी पत्नी ने महिला को बेरहमी से पीटा

गुना। जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत उपरेटी मोहल्ला क्षेत्र में पारिवारिक रंजिश के चलते एक महिला पर उसके ही देवर और भाभी ने कातिलाना हमला कर दिया। सास-ससुर से विवाद कर रहे देवर को टोकने पर आरोपियों ने महिला को डंडे से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया और जमीन पर पटककर गला भी दबा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्र. 06, शहीद पार्क के सामने राघौगढ़ निवासी 40 वर्षीय बत्तो बाई पत्नी शहजाद खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका अपने देवर शाहिद और परिवारिक मामलों को लेकर विवाद चल रहा है। गत शाम करीब 7:30 बजे देवर साहिल और उसकी पत्नी रिहाना घर के बाहर उनके सास-ससुर से विवाद कर रहे थे। जब बत्तो बाई ने बीच-बचाव कर उन्हें रोका, तो दोनों आग बबूला हो गए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर साहिल ने पास पड़ा डंडा उठाकर बत्तो बाई की दाहिनी आंख के पास मार दिया, जिससे गंभीर चोट आने से खून बहने लगा। वहीं, रिहाना ने डंडे से दाहिने हाथ में प्रहार किया और दोनों ने मिलकर उसे जमीन पर पटककर गला दबा दिया। बीच-बचाव करने आए पति शहजाद और बेटी रानू बानो ने किसी तरह जान बचाई। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल महिला ने अस्पताल में इलाज कराने के बाद थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

बीच-बचाव करना युवक को पड़ा भारी, दबंग ने सिर फोड़ा, गाड़ी और मोबाइल भी तोड़ा

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम देहरी कला में आपसी विवाद में बीच-बचाव करना एक युवक को भारी पड़ गया। गुस्साए आरोपी ने बीच-बचाव करने वाले युवक पर डंडे से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया, साथ ही उसकी मोटरसाइकिल का मडगार्ड और मोबाइल भी तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देहरी कला निवासी 22 वर्षीय नवल सिंह पुत्र खुमानसिंह केवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात करीब 8:30 बजे उसके गांव के सुरेंद्र केवट और कलुआ केवट के बीच कहासुनी हो गई थी। नवल ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था और सुरेंद्र को उसकी बाइक से घर छोड़ने गया था। इसी बात से रंजिश रखते हुए कलुआ वहां डंडा लेकर आ धमका और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में नवल के सिर पर गंभीर चोट आई है। डायल 112 की मदद से परिजन उसे आरोन अस्पताल ले गए, जहां इलाज के बाद मामला दर्ज कराया गया।

बाल्टी उठाने के विवाद पर खूनी संघर्ष, किराए के मकान में महिला और उसकी रिश्तेदार के साथ मारपीट

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरोंज बायपास रोड पर किराये के मकान में रहने वाली एक महिला के साथ बाल्टी उठाने के मामूली विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पड़ोसी परिवार ने घर में घुसकर महिला और उसकी रिश्तेदार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिरोंज बायपास आरोन निवासी शिवानी शर्मा पत्नी दीपक शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे सुनील साहू के मकान में किराये से रहती हैं। पीछे सेन समाज के एक व्यक्ति का मकान है। सुबह करीब 10 बजे पड़ोसी दंपत्ति ने बाल्टी उठाने का आरोप लगाते हुए गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी व्यक्ति सीढ़ियों से उतरकर घर में घुस आया और शिवानी के साथ मारपीट कर नाखूनों से खरोंच दिया। बीच-बचाव करने आई राखी शर्मा को भी थप्पड़ मारा। मौके पर मौजूद ज्योति ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोशल ग्रुप वर्धमान की वर्ष 2027 की नई कार्यकारिणी का गठन

गुना। सोशल ग्रुप वर्धमान गुना द्वारा वर्ष 2027 की नवीन पदाधिकारी टीमका गठन किया गया। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र बज ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप द्वारा बजरंगगढ़ रोड स्थित नवीन मंदिर नसियाजी में भक्तामर जी के पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के तुरंत बाद आयोजित बैठक में ग्रुप के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2027 के लिए नवीन कार्यकारिणी का चयन किया गया। मनोनयन प्रक्रिया के अंतर्गत विपुल जैन को अध्यक्ष, अमित पांड्या (मोंटी) को सचिव तथा हर्षिल जैन को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति और करतल ध्वनि के साथ मनोनीत किया चुना गया। इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष सोनू जैन, पूर्व अध्यक्ष राहुल झांझरी, मनोज भवानी (झब्बू) एवं रविंद्र जैन कैची बोडी सहित वर्ष 2026 के अध्यक्ष अमित जैन (अप्पू) एवं सचिव गौरव जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नई टीम के गठन पर सोशल ग्रुप वर्धमान के सभी पुरुष एवं महिला सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा उनका स्वागत किया।

जनसहयोग से पहाड़ी पर निखरा मां अष्टभुजी मंदिर

मां अष्टभुजी माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र, उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



नगर से करीब 3 किलोमीटर दूर पहाड़ियों के बीच स्थित प्राचीन मां अष्टभुजी माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। करीब 60 वर्ष पुराने इस मंदिर का जनसहयोग से भव्य जीर्णोद्धार किया गया है। मंदिर निर्माण की खास बात यह है कि इसे महज 8 महीने 19 दिन में तैयार किया गया। मंदिर निर्माण का कार्य इसी साल बसंत पंचमी के अवसर पर कन्याओं द्वारा भूमिपूजन किया गया था। अब श्रद्धालु 69 सीढ़ियां चढक़र माता रानी के दर्शन कर सकेंगे। मान्यता है कि इस स्थान पर मां अष्टभुजी स्वयं प्रकट हुई थीं। पहले यहां माता रानी और हनुमानजी का चबूतरा था, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते थे। समय के साथ जनसहयोग से मंदिर का विस्तार हुआ। पहाड़ी पर मां अष्टभुजी के साथ भगवान हनुमान और भगवान शिव परिवार सहित विराजमान हैं। पहाड़ों के बीच विराजी खोंगरा वाली मां अष्टभुजी माता सुबह बाल स्वरूप, दोपहर में युवावस्था और शाम को वृद्धावस्था के स्वरूप में दर्शन देती हैं। नवरात्रि में यहां नौ दिनों तक रामायण पाठ, विशेष आरती और साधना होती है। अंतिम दिन विशाल भंडारे में दूर-दूर से श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करने पहुंचते हैं।

मनोकामना पूरी होने पर चढ़ाते हैं चुनरी

मां के दरबार में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त चुनरी चढ़ाते हैं और कन्या भोज कराते हैं। जनसहयोग से भव्य रूप ले चुका यह मंदिर क्षेत्र की आस्था और धार्मिक परंपरा का प्रमुख केंद्र बन गया है।

राघोगढ़ के धीरपुर कटारमल भैरव मंदिर में नवरात्रि पर विशेष पूजन-अर्चन

राघोगढ़। नगर के धीरपुर स्थित कटारमल भैरव जी के मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों द्वारा विशेष पूजन-अर्चन किया जा रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भैरव जी की आराधना की। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भक्तों ने बताया कि नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन भैरव जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाता है तथा शाम को श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाती है। इन आयोजनों में भक्तजन श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल होते हैं। नवरात्रि की नवमी तिथि पर मंदिर में विशेष हवन-पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। देखते ही देखते यह मंदिर भव्य स्वरूप ले चुका है। मंदिर में नवरात्रि के अलावा भी सालभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। श्रद्धालुओं की आस्था और नियमित धार्मिक आयोजनों के चलते यह मंदिर क्षेत्र में भक्ति एवं श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।



दाग लगने से कुछ अच्छा होता है तो दाग अच्छे हैं: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में शनिवार को आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य मुनि श्रमण सागर जी महाराज की विशाल प्रवचन सभा आयोजित हुई। उन्होंने ₹दाग लगने से कुछ अच्छा होता है तो दाग अच्छे हैं₹ विषय पर प्रवचन देते हुए निःस्वार्थ भाव से दूसरों की भलाई करने का संदेश दिया। मुनि श्री ने जैन ग्रंथ तत्त्वार्थ सूत्र के सातवें अध्याय का उल्लेख करते हुए हिंसा, असत्य, चोरी, कुशील और परिग्रह को पांच पाप बताया। विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने समझाया कि दूसरों की रक्षा और भलाई की भावना से किए गए कार्यों के पीछे की भावना को भी समझना आवश्यक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे आलोचना की चिंता किए बिना परोपकार के कार्य करें।

मुनि श्री ने नई पीढ़ी के पौराणिक कथाओं और महापुरुषों के जीवन चरित्र से दूर होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और महापुरुषों के आदर्शों से परिचित कराना आवश्यक है। प्रवचन सभा में जैन समाज गुना के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी एवं मंत्री अनिल कुमार जैन अंकल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुनि श्री के दर्शन कर श्रीफल भेंट किया। जैन समाज सुसनेर के प्रतिनिधिमंडल ने भी मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। राघौगढ़ जैन समाज की ओर से गुना एवं सुसनेर से आए अतिथियों का पगड़ी, माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने 10 वर्षीय बालक को पुलिस के सुपुर्द किया

गुना। समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एबी रोड पर बायपास की ओर पैदल जा रहे एक 10 वर्षीय बालक को सुरक्षित पुलिस के सुपुर्द किया। बालक के माता-पिता नहीं हैं और वह अपनी दादी के पास रहता है। जानकारी के अनुसार, आज प्रमोद भार्गव को सूचना मिली कि एक बालक गुना के एबी रोड पर बायपास की तरफ अकेला पैदल जा रहा है। सूचना मिलते ही भार्गव मौके पर पहुंचे और बालक से पूछताछ की। बालक ने अपना नाम सौरभ नाथ बताया और कहा कि वह ग्वालियर का रहने वाला है। वह अपने ताऊ के साथ अशोकनगर आया था, जहां उसके ताऊ ने उसे बस में बैठा दिया। इसके बाद बालक को यह जानकारी नहीं थी कि वह कहां है और किस दिशा में जा रहा है। वह पैदल ही आगे बढ़ रहा था। बालक अपने घर का पूरा पता भी नहीं बता पाया। ऐसी स्थिति में प्रमोद भार्गव ने पहले बालक को स्नान करवाया और कपड़े बदलवाए, ताकि उसे राहत मिल सके। इसके बाद उन्होंने तत्काल बालक को कैंट थाने पहुंचाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अब पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी और बालक के परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

कुंभराज में नाले पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



नगर परिषद द्वारा भामावद रोड पर बनाए जा रहे नाले के ऊपर अतिक्रमण रोकने के लिए लोगों को चेतावनी दी गई है। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि नाले के ऊपर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, जिससे नगर की सुंदरता प्रभावित होने के साथ सफाई कार्य में भी परेशानी न हो। इसी मार्ग पर कृषि उपज मंडी स्थित है, जहां किसान अपनी फसल बेचने वाहनों से पहुंचते हैं। फसल सीजन के दौरान सडक़ पर वाहनों की आवाजाही बढऩे से आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नगर परिषद के सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले लोगों को मेला ग्राउंड में जगह उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे अपना व्यवसाय सुचारु रूप से संचालित कर रोजी-रोटी कमा सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि नाले के ऊपर अतिक्रमण होने से सफाई कार्य प्रभावित होता है। इसलिए लोगों से अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। नियमों का पालन नहीं करने पर अतिक्रमण हटाने सहित नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में होने वाली परेशानी के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

देवी मां की झांकियों में पहुंच रहे हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शरदीय नवरात्रि पर्व पर लगी झांकियां श्रद्धालुओं में आकर्षण का केन्द्र बनीं है, माता के दर्शन करने के लिए झांकियों पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। नईसराय बस स्टैंड पर मां दुर्गा की झांकी भक्तों द्वारा बड़े ही विशाल पंडाल में विराजमान की गई है यहां पर आए दिन महिलाओं द्वारा गरबा, भजन कीर्तन व नित्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा केला माता मंदिर के सामने एवं म्याना रोड पेट्रोल पंप के सामने व पावर हाउस के पीछे एवं आसमानी माता मंदिर पर भी भक्तों द्वारा बड़े ही साज सज्जा के साथ झांकियां लगाई गई है। दिनों दिन दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन नई सराय थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता अपने टीम के साथ मिलकर गस्त कर रहे हैं।



महाविद्यालय पिपरई में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत के तहत योग व आत्मसुरक्षा दिवस का आयोजन

अशोकनगर। शासकीय महाविद्यालय पिपरई जिला अशोकनगर में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत के तहत योग एवं आत्मसुरक्षा दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवक, जनप्रतिनिधि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला मोतीलाल धाकरे,स्वास्थ्य विभाग से डॉ. शुभम अधिकारीगण, पुलिस विभाग से अधिकारीगण मंदाकिनी,संदीपनी विद्यालय पिपरई से स्वयंसेवक, प्रोग्राम ऑफिसर राहुल जैन, जिला संगठक रा.से.यों. डॉ अतुल गुप्ता, महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुसुम चैधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजमणि यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भूरक्षा ढुवे द्वारा योग प्राणायाम कराया गया। पुलिस विभाग से मन्दाकिनी द्वारा आत्मसुरक्षा के बारे में बताया गया।

चुनरी यात्रा का लोगों ने किया जगह-जगह पर स्वागत

शहर में निकली चुनरी यात्रा, उमड़ी भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शनिवार को विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। चुनरी यात्रा में शामिल लोगों का कई स्थानों पर लोगों ने फल मेवे वितरित कर स्वागत किया। वहीं यात्रा पर पुष्प वर्षा भी की गई।

चुनरी यात्रा की शुरुआत शाडोरा रोड स्थित गायत्री माता मंदिर से हुई। चुनरी यात्रा शाडोरा रोड, पावर हाउस, बस स्टेंड, मैन मार्केट होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची। चुनरी यात्रा में आगे आगे डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर युवक युवतियां थिरकते हुए चल रही थी। इसके पीछे अबीर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालु माता के जयकारे लगा रहे थे। शीतला माता मंदिर पहुंचकर विधि विधान से चुनरी का पूजन किया गया और शीतला माता को चुनरी उड़ाई। इसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी राजाराम बैरागी ने बताया कि, नवरात्रि की सप्तमी तिथि को हर बार चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाता है एवं हर सप्तमी को बिशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में आसपीस के लोग एकित्रत होते हैं।

पंजाबी महिला विकास समिति ने नवरात्रि पर्व पर माता के भजनों का किया आयोजन

अशोकनगर। नवरात्रि के पर्व पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा माता का कीर्तन कराया गया, माता का भव्य दरबार सजाया। यहां सभी महिलाओं द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिससे सारा वातावरण भक्तिमय होकर माता के भजनों में रंग गया। छोटी सी कन्या माता के रूप मे आई छोटी-छोटी कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया एवं पूरी संगत को भी प्रसाद बितरण किया गया। ऐसे आयोजन से हमारी पुरानी संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं को प्रबलता मिलती है इस अवसर पर पंजाबी महिला समिति की सभी मेंबर्स उपस्थिति रही।



जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। ईसागढ़ पुलिस ने माताघाट तालाब के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सचिन्द्र विश्वकर्मा, राज बाल्मीक, प्रवीण राठौर, दीपेश राठौर, अजय राय को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 20000 रूपए बरामद किए हैं।

डाकघर भवन का लगभग 2 करोड़ 35 लाख की लगत से हुआ है निर्माण

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रधान डाकघर का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने बताया की एतिहासिक रूप से अपने सिद्ध संतो एवं सांस्कृतिक पहचान के लिए जाने जाना वाला शहर अशोकनगर के लिए आज का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा शनिवार को नवनिर्मित प्रधान डाकघर अशोकनगर का फीता काटकर उद्घाटन किया।

नवनिर्मित डाकघर भवन लगभग 2 करोड़ 35 लाख की लगत से उच्चस्तरीय, नवीनीकरण,कार्य पूर्ण हुआ है। भारत सरकार की डाकघर आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के डिजाइन संबंधी दिशा निर्देशों के अनुरूप अशोकनगर प्रधान डाकघर के कायाकल्प लुक एंड फील इम्प्रूवमेंट का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

नवनिर्मित सौंदर्यीकृत प्रधान डाकघर का आधुनिक स्वरूप आमजन को डाक एवं वित्तीय सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुगम एवं बेहतर वातावरण में उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधान डाकघर अशोकनगर जिले की विशाल आबादी को आधुनिक, विस्वनीय एवं नागरिक हितेषी डाक सेवाएँ प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग द्वारा देशभर में प्रदान की जा रही सेवाओं एवं विभाग के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त डाकघर डाक सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने डाक सेवाओं के डिजिटलीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक के विस्तार से अब नागरिकों को अनेक डाक सेवाओं के लिए बार-बार डाकघर जाने की आवश्यकता नहीं है। 'डाक सेवा' एवं 'डाक मित्र' ऐप के माध्यम से विभिन्न डाक सेवाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त किया जा सकता है। इससे डाक सेवाएं अधिक सुगम, त्वरित एवं नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। अशोकनगर का यह नवनिर्मित प्रधान डाकघर डाक विभाग के आधुनिकीकरण, सेवा विस्तार, डिजिटल परिवर्तन एवं कर्मचारियों के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आने वाले समय में अशोकनगर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर डाक एवं वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने सुकन्या पूजन कर सुकन्या पासबुक वितरण भी किया। डाकघर भवन के लोकार्पण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जयपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,मलकीत सिंह संधू एवं पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर गौरव श्रीवास्तव, डीडीजी एस्टेट निर्मल सिंह, निदेशक डाक सेवाएँ भोपाल आर एस रघुवंशी, सहायक पोस्ट मास्टर जनरल एस के पांडे एवं नरेन्द्र सविता, अनेक जनप्रतिनिधि आदि रहे मौजूद।

1905 में हुई थी डाक घर की स्थापना

अशोकनगर मुख्यालय पर डाकघर की स्थापना 1905 में हुई थी, यह डाकघर जिस स्थान पर था उसी स्थान पर नया डाकघर बनाया गया है। इससे पहले भी इस भवन का आधुनिकीकरण हो चुका है उस समय भी ज्योतिरादित्य सिंधिया संचार मंत्री थे तब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी।लेकिन वह मोडिफिकेशन कोई काम नहीं आया और पुरानी पुरानी बिल्डिंग गिराकर नया भवन बनाना पड़ा। आज भी पुराना डाकघर लोगों की स्मृतियों में है, लगभग 100 साल की आयु पूर्ण कर चुके लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में इसी स्थान पर डाकघर देखा है।

चौपाल के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की बैलगाड़ी की सवारी



अशोकनगर। चंदेरी विधानसभा के ग्राम सेमरखेड़ी में आयोजित ग्राम चैपाल के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्रामीण परिवेश का अनुभव लेते हुए बैलगाड़ी की सवारी की। उन्होंने बैलगाड़ी चला रहे किसान का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सिंधिया ने ग्राम की महिलाओं, किसानों एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी और ग्रामीणों को मिल रहे लाभों के बारे में जानकारी ली।

गरबा के साथ पारायण के आयोजन, देवी मां के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्रि के पर्व पर शहर में धर्म की अदभुत बयार, आस्था और भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर









नवरात्रि का यह पर्व शक्ति और सम्पन्नता की देवी का पर्व है, यह पर्व माता की भक्ति का संदेश लेकर आता है,संपन्नता, खुशहाली और भक्ति के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व शहर में बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है, माता की भक्ति के लिए श्रृद्धालु घरों से निकल पड़े हैं। शहर में सड़कों पर भीड़ का अंबार है, शहर से लेकर गांव तक के श्रृद्धालु, देवी मां दर्शनों के लिए झांकियों में पहुचं रहे हैं तो वहीं दूसरी और जिले भर के शक्ति पीठ स्थलों पर श्रृद्धालु माता के दरबार की रज पाने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं शहर के देवी मां के स्थल श्रृद्धालुओं की आस्था के केन्द्र बनें हैं इन सब के बीच जहां पारायण के पाठ हो रहे हैं,तो दूसरी और महिलाएं गुजरात के प्रसिद्ध गरबा नृत्य में भाग लेकर माता की आराधना कर रही हैं।

शहर में गुजराज की संस्कृति के प्रतीक गरबा के आयोजन जगह जगह हो रहे हैं, एक ओर अग्रवाल पैलेस में तो दूसरी ओर लवकुश मंदिर पर और तीसरी ओर अमर मैरिज गार्डन में यह गरबा के आयोजन हो रहे हैं। जिनमें महिलाएं, युवतियां और किशोरियां सजधज कर गरबा की पोशाक में हाथ में डांडिया लेकर नजर आ रही हैं। कदमताल मिलाते हुए गरबा की यह संस्कृति अशोकनगर शहर में खूब देखने मिल रही है, गरबा का यह आयोजन आदि शक्ति की आराधना का पर्व है। गरबा के पहले माता की आरती की जा रही है और गरबा के समापन पर शामिल होने वाले श्रृद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

गरबा का दूसरे दिन भी आयोजन हुआ

रजवाड़ी रास गरबा का दो दिवसीय आयोजन अग्रवाल पैलेस में किया गया था, इस आयोजन के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में महिलाएं गरबा खेलते हुए नजर आईं। इस आयोजन में सिर्फ अतिथियों को ही पास प्रदान किए गए थे, विभिन्न कैटेगिरी में गरबा की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान गरबा में शामिल होने वाली महिलाएं और युवतियां पूरे समय सेल्फी लेते हुए नजर आईं।



काली माता के दरबार भी आस्था के केन्द्र बने

शहर में काली माता के दरबार भी नवरात्रि के पर्व में श्रृद्धालुओं में आस्था के केन्द्र बने हैं, शहर में कृषि उपज गल्ला मण्डी के बाहर देवी मां काली माता के रूप में विराजमान हैं। यहां भी श्रृद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। इसी तरह छैलाबाग में भी कालीमाता की बड़े आकार में आकर्षक प्रतिमा हैं यह स्थान भी श्रृद्धालुओं में एक नई उर्जा का संचार करता है। यहां पूरे वर्ष भर श्रृद्धालु पहुंचते हैं और माता के दर्शन करते हैं।

नवरात्रि के सातवें दिन सात कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया

यादव कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रृद्धालुओं द्वारा नवरात्रि महोत्सव के सप्तम दिवस के अवसर पर सात कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि आज का दिवस महाकाली के पूजन का दिन था जिसमें कवच अर्गला स्तोत्र कीलक रहस्य का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रों में मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है इनके शरीर का रंग घने अंधकार के समान है सिर के बाल बिखरे हैं गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला है इनके तीन नेत्र हैं दाहिने हाथ की बर मुद्रा से अभय वरदान देने वाली है इनका वाहन गधर्व है नीचे वाले हाथ में कटार लिए हुए हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है।

कई वर्षों से हो रहा है नवरात्रि में पारायण का पाठ

शारदीय नवरात्रि के मौके पर पारायण का पाठ कर नौ दिनों तक माता की आराधना की जाती है, इस तरह के पारायण के पाठ आसमानी माता मंदिर और सराफा बाजार हनुमान मंदिर में चल रहा है, इस पारायण के पाठ की शुरूआत नवरात्रि के पहले दिन से होती है और नवरात्रि के अंतिम दिन नौवी तक चलती है। उसके बाद हवन और भण्डारें के साथ इसका समापन किया जाता है। आसमानी माता मंदिर पर चल रहे इस आयोजन में महाराज धर्मदास बृजेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अशोक शर्मा सहित अनेक लोगों द्वारा भक्ति भाव से भाग लिया जा रहा है।

शहर के देवी मां के मंदिर आस्था के केन्द्र बने

नवरात्रि के पर्व पर शहर में देवी मां के मंदिर श्रृद्धालुओं में आस्था के केन्द्र बने हैं, वैसे तो यहां शीतला माता के दरबार में बड़ी संख्याएं में महिलाए प्रतिदिन माता का अभिषेक करने के लिए पहुंचती हैं और जब माता के दर्शन करने की बात आती है तो श्रृद्धालु माता मंदिर जाना नहीं भूलते। यहां देवी मां की अत्यंत मनोहारी प्रतिमा है जो श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आर्कषित करती है, यहां देवी मां के साथ लक्ष्मीनारायण भगवान, गणपति जी, भगवान शिव,रामदरबार, और राधाकृष्ण भगवान, अन्नपूर्णा देवी, बजरंगी बली भगवान की भी आकर्षक प्रतिमाएं हैं जिन्हें देखकर श्रृद्धालु आत्मीय आनंद की अनुभूति प्राप्त करते हैं।

योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता: सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा विकासखंड मुंगावली अंतर्गत ग्राम पंचायत सेहराई में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्राम सेहराई में 1 करोड़ 41 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विकासखंड मुंगावली की ग्राम पंचायत सेहराई में 1 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ

विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राही लाभान्वित, स्व-सहायता समूहों के लिए 66 लाख रुपये की राशि स्वीकृत।केंद्रीय मंत्री द्वारा विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति-पत्र एवं हितलाभ प्रदान किए गए। इस दौरान 5 स्व-सहायता समूहों के लिए 66 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही कल्याणी पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता एवं नवीन संबल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, बकरी पालन तथा उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में आठ छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सकेगी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी देवीलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दयाराम अहिरवार ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिमला निवासी सोना आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सेंधपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगरा निवासी सुरेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

खबर संक्षेप

नसियर घाटी को संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र बनाने की मांग

ईसागढ़। अशोकनगर जिले की नसियर घाटी को संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र घोषित करने की मांग को



लेकर पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी कपिल कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को आवेदन सौंपा। चंदेरी स्थित किला कोठी में सौंपे गए आवेदन में उन्होंने घाटी के वन्यजीवों और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। कपिल शर्मा लंबे समय से क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को लेकर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने नसियर घाटी में वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने का मुद्दा संबंधित स्तर पर उठाया है। उनका कहना है कि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाना जरूरी है। आवेदन में मांग की गई है कि वन विभाग के माध्यम से नसियर घाटी का निरीक्षण कर वहां वन्यजीवों की उपस्थिति, जैव विविधता व प्राकृतिक परिस्थितियों का आकलन कराया जाए। इसके बाद नियमानुसार क्षेत्र को संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र घोषित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए।

पुराने राजस्व रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने की मांग

ईसागढ़। क्षेत्र के पुराने राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में कपिल कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से ईसागढ़ के संवत 2004 के राजस्व रिकॉर्ड को मध्यप्रदेश भू-अभिलेख विभाग के जीआईएस 2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कराने का अनुरोध किया है। आवेदन में बताया गया है कि ईसागढ़ के पुराने राजस्व रिकॉर्ड वर्तमान में ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होने के कारण नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने और भूमि संबंधी पुराने रिकॉर्ड की जानकारी हासिल करने में परेशानी होती है। ऐसे अभिलेख भूमि स्वामित्व, पुराने नामांतरण तथा राजस्व संबंधी मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कपिल कुमार शर्मा ने मांग की है कि संबंधित विभाग के माध्यम से पुराने अभिलेखों का परीक्षण कराकर उन्हें डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किया जाए।

'ग्रन्थों का सार अपने जीवन में उतार कर गृहस्थ भी संत बन सकता है'

मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा...



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्यों ने अपने जीवन में उपकारी दृष्टि से मुनियों के लिये एवं गृहस्थों के लिये कई ग्रन्थों की रचना की। उन ग्रन्थों का सार अपने जीवन में उतार कर गृहस्थ भी सन्त बन सकता है। सन्त भी अरहन्त यानि भगवान बन सकता है।

उन्होनें कहा कि ऐसा ही परम आध्यात्मिक ग्रन्थ है समयसार। इसकी रचना पूज्यवर आचार्य श्री कुन्दकुन्द देव ने की है। इस ग्रन्थ को पढ़ना बहुत ही आसान है परन्तु इस ग्रन्थ के अनुसार जीवन जीना उतना ही कठिन सा लगता है। क्योंकि आचार्य भगवन्का उद्देश्य मात्र इतना ही है कि इसको पढ़ने वाला पाठक ख्याति, पूजा और लाभ की चाह से ऊपर उठकर, अपने कर्तव्य को करे। न कि कर्ता-भोक्ता और स्वामीपने को प्राप्त होवे। इस ग्रन्थ को पढ़कर जो पाठक अपने आप का आकलन करता है वह स्वयं अपने आत्मतत्व की ओर निकटता को पाता जाता है। ऐसे ही एक आत्मनिष्ठ साधक हैं, इस दुनिया मे। जिन्होंने इस ग्रन्थ को अपने जीवन से जीवन्त कर दिया है, उनका नाम है आचार्य समयसार जी महा मुनिराज। उनके प्रत्येक कार्य में कर्तव्य झलकता है, कर्तापन, भोक्तापन और स्वामीपन से दूर उनका चिन्तन एक नई ऊर्जा देता है। ख्याति, पूजा और लाभ से कोसों दूर रहकर मात्र आत्म दृष्टि ही जिनकी पहचान है। ऐसे विरले साधक आचार्य श्री समयसार जिन्हें देवता भी करते प्रणाम हैं। जिनका सन्तत्व इस सन्त परम्परा के लिये वरदान है। जो स्वयं गुणों से भरी खान है। जो परम विद्वान है। ऐसे सन्त का होना इस भारत भूमि की शान है।



युवा संवाद में छाए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

अशोकनगर। शनिवार का दिन अशोकनगर के युवाओं के लिए खास रहा।केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोका गार्डन अशोकनगर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद किया। वे इस कार्यक्रम के आकर्षण के केंद्र रहे। अपने सहज और आत्मीय अंदाज में उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके विचारों, सपनों तथा आकांक्षाओं को करीब से जाना। युवाओं के बीच देश मे यूथ आइकन के रूप में विशेष पहचान रखने वाले सिंधिया की मौजूदगी ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। संवाद, संगीत और जोश के संग युवा शक्ति, नए विचारों और नए भारत के संकल्प की झलक दिखी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ सहभागिता की। वहीं, बैंड की शानदार प्रस्तुति ने समां बांध दिया। सिंधिया भी संगीत की इस प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध नजर आए और उन्होंने कलाकारों के उत्साहवर्धन के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। रॉक बैंड की टीम तथा वंश शुक्ला एवं नमन द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। यूथ आइकन के रूप में युवाओं के बीच खास पहचान रखने वाले सिंधिया ने किया सीधा संवाद युवाओं के सवालों, विचारों और सपनों से जुड़े युवा संवाद का माहौल युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और नए विचारों से सराबोर रहा। युवाओं के साथ सिंधिया का यह संवाद उनके प्रति आत्मीय जुड़ाव और उनकी प्रतिभा, सोच एवं आकांक्षाओं को महत्व देने का एक जीवंत उदाहरण बना। कार्यक्रम में आते ही वे रैंप पर चले। सभी ने उनका उत्साह से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने युवा आदित्य यादव,रिमशा खान,दिव्यास यादव,स्मिता योगी,श्रुति यादव सहित अन्य युवाओं से संवाद किया एवं उनके प्रश्नों का जवाब दिया।

अक्षय कुमार का किया वध,लंका धूं-धूं कर जल उठी

रामलीला का शानदार मंचन: हनुमान जी ने लंका में पहुंच कर उजाड़ी अशोक वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रामलीला में बीती रात कई प्रसंग और संवादों के साथ लीला का मंचन दिखाया गया। रामलीला में जानकी माता की तलाश में हनुमान जी पहुंचे और अशोक वाटिका को न केवल उजाड़ा अपितु अक्षयकुमार का भी वध कर दिया,हनुमान जी की पूछ में आग लगाए जाने के बाद हनुमान जी ने सोने की लंका में आग लगा दी। यह सब रामलीला में मंचन के दौरान देखने मिला, कलाकारों के अभिनय को देखकर दर्शक भी देखते रह गये। इस रामलीला की शुरूआत रामायण जी, भगवान गणेशएवं भगवान राम लक्ष्मण व हनुमान जी की आरती से की गई। आरती का सौभाग्य नामदवे समाज के अध्यक्ष रामकिशन नामदेव, उनके साथियों राजू नामदेव व अन्य पदाधिकारियों व समाजजनों द्वारा की गई।

इसी के साथ लीला के प्रथम दृश्य मे वानरो की सेना समुद्र के किनारे पर खड़ी थी सभी विचार कर रहे थे क्या करें तभी संपाति की आवाज सुनाई देती है जो खुश होता है कि इतने सारे बानर मुझे खाने को मिलेंगे फिर संपाति को जटायु की कथा सुनाई जाती है और संपाति द्वारा बतलाया जाता है कि समुद्र के उस पार सीता मां लंका मे बैठी है जो उस और जाएगा वह सीता माँ का पता पाएगा। तभी सभी बानर विचार करते हैं उस और कौन जाए तभी जामवंत जी द्वारा हनुमान जी को शक्ति याद दिलाई जाती हैं और हनुमान जी फिर लंका की ओर प्रस्थान करते हैं रास्ते में सुरसा का संघार करते हुए हनुमान जी लंका में पहुंचते हैं जहां वे लंकनी का संघार करते हैं और उसके पश्चात वे लंका में प्रवेश करते हैं लंका में सीता की खोज करते हुए सर्वप्रथम उनकी भेंट विभीषण जी से होती है जो उन्हें सीता माता का पता बताते हैं फिर हनुमान जी अशोक वाटिका में पहुंचते हैं जहाँ वे बृक्ष के ऊपर जाकर बैठ जाते हैं नीचे रावण आता है और सीता मां को डरा करके चला जाता है फिर हनुमान जी अंगूठी पर नीचे डालते हैं सीता जी रामजी की अंगूठी देखकर के पूछती है अंगूठी लाने वाला कौन है तभी हनुमान जी राम जी की कथा सुनाते हैं और हनुमान और सीता का बहुत ही सुंदर संवाद का मंचन रामलीला में किया गया। वाटिका को उजाड़ने पर रावण अक्षय कुमार को भेजता है हनुमान जी अक्षय कुमार का बध कर देते हैं। रावण मेघनाथ को भेजता है तो हनुमान जी को बंदी बनाकर के रावण के सामने लाकर खड़ा कर देते हैं फिर बहुत ही सुंदर रावण हनुमान संवाद का मंचन किया गया। रावण हनुमान जी की पूछ में आग लगाने का आदेश देता है और हनुमान जी की पूछ में आग लगाते ही हनुमान जी लंका को आग लगा देते हैं ।

गला खराब होने पर इशारों और लिखकर दिए निर्देश, चंदेरी में सुने लोगों के दर्द

अस्वस्थता के बावजूद जनसेवा में डटे रहे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अहिरवार समाज के लोगों से की चर्चा और अस्पताल का किया अवलोकन



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान अस्वस्थ होने के बावजूद जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर खरे उतरे। शुक्रवार देर रात स्वास्थ्य बिगड़ने और गले में संक्रमण व आवाज धीमी होने के कारण डॉक्टरों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया था। इसके बावजूद, शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे अपने कमरे से बाहर आए मंत्री सिंधिया ने दोपहर 12 बजे से किला कोठी पर आम जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं।

इशारों और पर्चियों से किया अधिकारियों का मार्गदर्शन

स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण केंद्रीय मंत्री की आवाज धीमी थी और गला चिपकने की वजह से उन्हें बोलने में कठिनाई हो रही थी। हालांकि,इससे उनके हौसले में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने जनता की एक-एक समस्या को पूरी गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय तथा पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को इशारों ही इशारों में समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई महत्वपूर्ण और जरूरी बातें उन्होंने कागज पर लिखकर अधिकारियों को समझाईं।

सिंधिया का शाढ़ौरा दौरा निरस्त, तैयारियों पर फिरा पानी

केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का रविवार, 18 अक्टूबर को प्रस्तावित शाढ़ौरा दौरा निरस्त हो गया है। सिंधिया लंबे अंतराल के बाद नगर में आयोजित होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों में खासा उत्साह था। नगर परिषद द्वारा भी कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां की जा रही थीं, लेकिन ऐन वक्त पर दौरा निरस्त होने से कार्यकर्ताओं और नगरवासियों में मायूसी छा गई है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को दोपहर चार करोड़ की विकास योजना का भूमिपूजन टला 1.30 बजे नगर परिषद प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर करीब चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एलडब्ल्यूएम) योजना का भूमिपूजन करने वाले थे। इस योजना को नगर के विकास और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सौगात माना जा रहा है।

दौरे की शुरुआत में किला कोठी पर सिंधिया ने अहिरवार समाज के लोगों से विशेष चर्चा कर उनकी सामाजिक व व्यक्तिगत बातें जानीं। इसके बाद उन्होंने किला कोठी से नीचे उतरकर करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले नए 50 बिस्तर वाले अस्पताल का औचक अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल की रूपरेखा और निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी के महोली में लोधी समाज सम्मेलन में किया आत्मीय संवाद



अशोकनगर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को अशोकनगर जिले के चंदेरी स्थित ग्राम महोली में आयोजित लोधी समाज सम्मेलन में समाज के भाई-बहनों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि लोधी समाज और सिंधिया परिवार का रिश्ता दशकों पुराना है। यह संबंध प्रेम, विश्वास और अपनेपन की मजबूत डोर से जुड़ा हुआ है। समाज के लोगों का स्नेह और विश्वास उनके लिए अनमोल है। उन्होंने लोधी समाज की गौरवशाली परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना इस समाज की विशिष्ट पहचान रही है। महान वीरांगना रानी अवंतीबाई के शौर्य, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण की विरासत आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने समाज के लोगों के साथ आत्मीयता से संवाद किया और उनके स्नेह एवं विश्वास के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएमएचओ कार्यालय के निरीक्षण में कलेक्टर का सख्त, 3 कर्मचारियों नोटिस

तबादले के बाद भी खाली नहीं किए सरकारी आवास, वसूली के आदेश

व्यवस्थाएं सुधारने दिया 1 हफ्ते का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज:राजगढ़

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीन कामकाज में लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर 3 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में स्थित शासकीय आवासों पर अवैध रूप से काबिज स्थानांतरित और मुख्यालय छोड़ चुके कर्मचारियों से लोक निर्माण विभाग (चॅव्ह) की गाइडलाइन के अनुसार बकाया किराया वसूलने के सख्त आदेश जारी किए गए हैं।



अधूरी मिली केशबुक

शुक्रवार को ही कलेक्टर ने डॉ. शेख जलालुद्दीन को सीएमएचओ पद का प्रभार सौंपा था, जिसके तुरंत बाद कार्यालयीन व्यवस्थाओं का धरातलीय जायजा लेने के लिए यह भ्रमण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत में कलेक्टर सबसे पहले लेखा शाखा पहुंचे। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-3 प्रभा देवड़ा द्वारा केश बुक अधूरी रखी पाई गई, जिस पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्थापना शाखा में भी मिली कईं खामियां

इसके पश्चात स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा प्रभारी पूजा सोनी और सीमा परिहार द्वारा भी अपने-अपने दायित्वों का रिकॉर्ड अपडेट नहीं पाया गया, जिस पर उन्हें भी नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। कलेक्टर ने नव-नियुक्त सीएमएचओ डॉ. शेख जलालुद्दीन को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थापना शाखा से होने वाले समस्त पत्राचार की अनिवार्य रूप से नोटशीट तैयार कर प्रस्तुत की जाए। साथ ही कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का शाखावार विवरण तथा कौन कर्मचारी कब से किस पद पर कार्यरत है, इसकी विस्तृत सूची तैयार करने के आदेश दिए गए।

सात दिनों बाद फिर से निरीक्षण करेंगे कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यालय के समस्त जिम्मेदार स्टाफ को अपनी-अपनी शाखाओं के कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह व्यवस्थित करने की अंतिम समय-सीमा दी है। उन्होंने चेताया कि सात दिनों के भीतर पुनः औचक निरीक्षण किया जाएगा और यदि इस दौरान कोई खामी या लापरवाही उजागर होती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. मनीष चैहान और प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा भी मौजूद रहे।

ट्रांसफर के बाद भी सरकारी फ्लेटों में ये हैं काबिज

जानकारी के अनुसार स्थानांतरण के बाद भी सरकारी आवासों में रहने वाली कर्मचारियों में स्टाफ नर्स दीपा परिहार, डिम्पल वर्मा, सुरेखा मलखाम एवं एएनएम प्रमिला राठौर शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशों पर अब इन सबसे अब स्थानांतरण दिनांक से अब तक की किराया वसूली की जाएगी वहीं आवास भी खाली करना पड़ेगा।

कैंसर पीड़ित मरीज को चेंबर से बाहर निकालने, अस्पताल में किया हंगामा

डॉक्टर पर धक्का देने का आरोप डेढ़ घंटे चलता रहा घटनाक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सिविल अस्पताल सारंगपुर में शनिवार को कैंसर पीड़ित महिला के उपचार को लेकर विवाद हो गया। गंभीर हालत में मां को लेकर पहुंचे बेटे ने ड्यूटी डॉक्टर पर अभद्र व्यवहार कर चेंबर से धक्का देकर बाहर निकालने का आरोप लगाया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए धरना दे दिया। सूचना मिलने पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। करीब डेढ़ घंटे चले घटनाक्रम के बाद अस्पताल प्रबंधन की समझाइश पर मामला शांत हुआ और मरीज का उपचार शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, सुदर्शन नगर निवासी दिनेश धनगर अपनी मां कलाबाई पत्नी केशरसिंह धनगर, को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। दिनेश के मुताबिक, उनकी मां कैंसर से पीड़ित हैं और उनकी यूरिन बंद हो गई थी।

उन्होंने डॉक्टर अंकित देशवाली को मरीज की गंभीर स्थिति बताते हुए तत्काल उपचार करने का आग्रह किया। आरोप है कि डॉक्टर ने उन्हें लाइन में लगने के लिए कहा। दिनेश का कहना है कि उन्होंने मां की गंभीर हालत का हवाला देकर जल्द उपचार की गुहार लगाई और स्वयं को मीडियाकर्मी बताया। आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें धक्का देकर चेंबर से बाहर निकाल दिया। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया और धरने पर बैठ गए। वही दिनेश ने दूरभाष पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसडीएम जय सोलंकी को भी मामले की सूचना दी। बाद में डॉक्टर जय शिंह बघेल और डॉ. अंकित यादव ने परिजनों को समझाइश दी, जिसके बाद कलाबाई का उपचार किया गया।

इनका कहना है

मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
डॉ. केएल भीलवारे
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर
सारंगपुर

संभागीय कराते में वरुण साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीता स्वर्ण पदक



खिलचीपुर। भोपाल में 14 अक्टूबर को आयोजित संभागीय कराते प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के वरुण साहू पिता गोविंद साहू ने अपनी अद्भुत खेल तकनीक ओर आक्रामक कौशल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है। वहीं जीवन सिंह वर्मा , भूपेंद्र प्रजापति व अमन वर्मा ने द्वितीय स्थान ओर रुद्र प्रताप सिंह, मोहित चैहान , अरुण भील ने तृतीय स्थान हासिल किया है। वरुण की इस स्वर्णिम सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।इस ऐतिहासिक जीत पर जिला खेल अधिकारी महेंद्र परमार ओर विद्यालय के महेंद्र सोलंकी ने वरुण को बधाई दी।

स्टेट जूडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का परचम, जीते 5 स्वर्ण व 4 कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्कूल स्टेट जूडो चैंपियनशिप-2026 में खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण एवं 4 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बच्चों से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रतियोगिता में गोल्ड पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में साक्षी गुप्ता, मैना सौंधिया, कुश वजार, ज्योतिराज प्रजापति, पुष्पेंद्र भदौरिया एवं सुमित प्रजापति शामिल हैं। वहीं कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दिक्षांत प्रजापति, भाविका गौर, मनीष जाटव एवं हरिओम प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ में खिलाड़ियों को नियमित जूडो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और समर्पण को दर्शाती है। राज्य स्तर पर मिली इस सफलता से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और अब उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है।

महर्षि पब्लिक स्कूल में गरबा, डांडिया ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। छात्र छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति अनुरूप वेशभूषा धारण कर गरबा डांडिया नृत्य किया।पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों की छटा देखने को मिली।गरबा कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं मां जगदंबा की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, योगेश भावसार, राजेश राठौर, डॉ. बी.एल. गुर्जर, चंदन सिंघी , संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवचरण दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भव्य ग्लोबल स्कूल में गरबा महोत्सव का भव्य समापन



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। स्थानीय भव्य ग्लोबल स्कूल में भक्ति और उत्साह के साथ श्गरबा महोत्सव 2.0श संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की संगीतमय आरती व पूजा-अर्चना के साथ हुई।पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने डांडिया की थाप पर शानदार प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी समृद्ध संस्कृति से जुड़ते हैं।उत्कृष्ट गरबा प्रदर्शन व वेशभूषा के लिए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अंत में विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ का आभार जताया।

अभद्र व्यवहार का आरोप

नर्सिंग ऑफिसर से अभद्रता करने पर मामला किया दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शासकीय सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान नर्सिंग ऑफिसर के साथ कथित अभद्रता, अश्लील गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है।

पिपलिया बीजारेल निवासी उदय सिंह गुर्जर पर आरोप लगाए गए हैं कि नर्सिंग ऑफिसर कुसुमलता देवांगन सिविल अस्पताल में ड्यूटी कर रही थी उसी दौरान महिला कि डिलीवरी करावाने लाए युवक ने समय सीमा बताने की बात की ओर ड्यूटी नर्सिंग आफीसर से विवाद कर लिया।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 132 और 296(ख) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस के मुताबिक घटना 15 अक्टूबर रात 11.30 बजे के लगभग की है, जहा डिलीवरी के दौरान लगने वाले समय को लेकर विवाद हुआ।आरोप है कि उदय सिंह गुर्जर ने नर्सिंग ऑफिसर पर डिलीवरी का समय निश्चित बताने के लिए दबाव बनाया। समय निश्चित नहीं बता पाने पर अस्पताल से हटवाने की धमकी देने और अश्लील गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगाया गया है।

दिशा बोध शिविर के तहत विद्यार्थियों ने किया डाकघर व थाने का भ्रमण



माचलपुर। स्थानीयसरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 से 17 अक्टूबर तक कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों के लिए दिशा बोध शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों को डाकघर एवं पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। डाकघर भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। उन्हें पत्र एवं पार्सल की बुकिंग, डाक के वितरण, स्पीड पोस्ट तथा अन्य डाक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने यह भी समझा कि डाक विभाग किस प्रकार पत्रों एवं अन्य डाक सामग्री को निर्धारित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य करता है।

पुलिस थाने के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को थाने की कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा में पुलिस की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें पुलिस विभाग के प्रमुख दायित्वों और नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों से भी अवगत कराया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीनारायण पंवार, आचार्य अभिषेक दुबे, आचार्य पंकज राठौर सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नगर में सजी चेतन्यदेवियों की झांकी श्रद्धालुओं को मिल रहे दर्शन लाभ



जीरापुर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जीरापुर सेवा केंद्र के द्वारा चेतन्यदेवियों की झांकी में सात देवियों की आकर्षक भव्य झांकी का आयोजन किया गया है।झांकी के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों का ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदीजी एवम वैशाली दीदी ने कुमकुम तिलक लगाकर , उपरना पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम उद्घाटन में पत्रकार बंधु , सांझ की रोटी, खुशियों का ओटला, रक्त दाता, नेत्र दान ग्रुप, जीरापुर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदीजी , पचोर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी वैशाली दीदी जी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात माता रानी की आरती की गई, जिसमें उपस्थित सभी भाई बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने चैतन्य देवियों की झांकी की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाए , ब्रह्मकुमारीज सबको धर्म से जोड़ने का कार्य कर रही है।

एबी रोड पर बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर घायल



सारंगपुर। एबी रोड पार नेनवाड़ा जोड़ के समीप शनिवार को नेशनल हाईवे पार कर रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग दशरथ पिता भावर लाल 72 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग राजाराम शनिवार को मांग्याखेड़ी गांव से नेनवाड़ा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहा से लौटते समय उक्त हादसा हो गया।

मां जालपा सिद्धपीठ तक 16वीं चुनरी यात्रा का आयोजन

हजारों ने थामी मां की 1111 मीटर की चूनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कल नवरात्र की सप्तमी को सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। नगर सहित क्षेत्र के हजारों श्रृद्धालु जब माता की 1111 मीटर लंबी चुनरी हाथों में थामे निकले आसमां जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस वर्ष चुनरी यात्रा का यह 16 वां वर्ष था। विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू चेतना मंच, हिन्दू उत्सव समिति सहित सर्व हिन्दू समाज द्वारा यह आयोजन करवाया जाता है। स्थानीय राजमहल परिसर में पूजा-अर्चना एवं चुनरी यात्रा की पूजा उपरान्त यह यात्रा आरंभ हुई। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी अनेक महिलाएं, पुरुष, बच्चे व अन्य यात्रा के कारवें में सम्मिलित होते हुए। यात्रा के लिए आयोजकों द्वारा काफी दिन पहले से वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं।

अनेक स्थानों पर किया स्वागत

पूरे 6 किमी के यात्रा मार्ग में कईं स्थानों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा कहीं शीतल पेय, शीतल जल, प्रसादी, पुष्पवर्षा करते हुए श्रृद्धालुओं का स्वागत, अभिनंदन किया। गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के साथ दोपहर करीब 3 बजे यह यात्रा जालपा माता मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां माता को चुनरी अर्पित की गई।

कारपेट भी बिछवाया

गर्मी के चलते उपवासी और नंगे पैर चलने वाले यात्रियों के पैर न जलने पाएं, इस उद्धेश्य से पूरे यात्रा मार्ग में कारपेट भी बिछवाई गई। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन एवं यातायात थाने द्वारा सुरक्षा व टैफिक मेनेजमेंट के माकूल इंतेजामात किए गए थे। आयोजकों ने बताया कि अगले वर्ष भी इस यात्रा का आयोजन करवाया जाएगा।

कृषि विभाग ने किसानों को बांटे निशुल्क सरसों बीज के पैकेट



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। कृषि विभाग द्वारा किसानों की आगामी रबी की फसलों को ध्यान में रखते हुए खेती को बढ़ावा देने के उदेष्य से ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले किसानों को निःषुल्क सरसों बीज के पैकेट वितरण किए गए। यह बीज राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में ब्यावरा स्थित विधायक कार्यालय से विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार उपस्थित की उपस्थिति में वितरण किए गए।

राधिका किस्म सरसों का वितरण

आगामी रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए, किसानों की उपज और आय बढ़ाने के उद्देश्य से उच्च गुणवत्ता वाली राधिका किस्म के सरसों बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित कृषि अधिकारियों ने किसानों को बीज उपचार, बुआई के सही समय और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी भी दी, ताकि फसल की बेहतर पैदावार हासिल की जा सके।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, दीपक सामरे, कृषि विभाग की ओर से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दीपक कुमार वर्मा सहित समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानउपस्थित रहे।

नगर को मिल गई फोरलेन सड़क की सौगात 46.24 करोड़ से होगा निर्माण

मंत्री टेटवाल ने 13 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

सारंगपुर। नगर के विकास को गति देने के लिए शनिवार को मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने ओल्ड एबी रोड पर फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 46 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से 7 किलोमीटर लंबे मार्ग का चैड़ीकरण कर फोरलेन बनाया जाएगा। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में 3 करोड़ 76 लाख 75 हजार 336 रुपये से अधिक लागत के 13 विकास कार्यों का गणेश पूजन एवं भूमिपूजन किया गया। फोरलेन निर्माण से नगर में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ आवागमन सुगम होगा। सड़क के बीच डिवाइडर और आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सारंगपुर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना और विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना है।

इन वार्डों में होंगे विकास कार्य: वार्ड क्रमांक 2, 4, 7, 8, 14 और 15 में सड़क, आरसीसी नाली, सीसी रोड, डामरीकरण और पेवर ब्लॉक लगाने सहित 13 कार्य किए जाएंगे। कपिलेश्वर मंदिर परिसर में



ऑडिटोरियम हॉल तथा कपिलेश्वर धाम में विद्युत पोल और प्लांटर लगाने के कार्य भी प्रस्तावित हैं। टेटवाल ने बताया कि कालीसिंध नदी पर 15.82 करोड़ रुपये की लागत से पुल, सारंगपुर में 5.25 करोड़ रुपये से जनपद पंचायत भवन और 4.85 करोड़ रुपये से विश्रामगृह का निर्माण जारी है। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और विद्युत सुविधाओं के विस्तार के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अधिवक्ता पीएस मंडलोई, भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, नगरवासी उपस्थित रहे।